<u>पाठ -7</u>

<u>गप्पों की दुकान</u>

मौखिक प्रश्न

(क) लाल बुझक्कड़ ने किस की दुकान खोली?

उत्तर- लाल बुझक्कड़ ने गप्पों की दुकान खोली।

(ख)बिल्ली दिल्ली क्यों पहुंच गए?

उत्तर- चूहों से डरकर बिल्ली दिल्ली पहुँच गई।

(ग) बुद्धिमान कौन बन गया?

उत्तर- गधा बुद्धिमान बन गया।

(घ) क्या लाल बुझक्कड़ सामान बेचकर नोट कमाता था?

उत्तर- नहीं , लाल बुझक्कड़ नई-नई गप्प सुनाकर नोट कमाता था।

सही गलत

सही उत्तर के सामने ठीक का निशान लगाइए।

(क)सभी लोग हैरान क्यों थे

- **दोनों उत्तर सही है।**

(ख) आग की तरह क्या आप फैल गई।

- **गप्पू की दुकान की खबर।**

(ग) शेर की सवारी कौन कर रही थी

- **हिरनी।**

(घ) कान को कौन खुजला रहा था।

- **गधा।**

1. कविता के आधार पर पंक्तियां पूरी कीजिए

(क) <u>लाल बुझक्कड़</u> गप्प सुनाते

तरह-तरह की <u>बात</u> बताते।

(ख) पेड़ों पर टँग गई <u>मछलियाँ</u>

__बंदर तैरे पानी में।

(ग) न ई -न ई ऐसी गप्पों से

चलती उनकी खूब दुकान।

2. दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

(क)गप्पो की दुकान किस ने खोली?

उत्तर-लाल बुझक्कड़ ने गप्पों की दुकान खोली।

(ख) बिल्ली किस से डर गई ?

उत्तर- बिल्ली चूहों से डर गई।

(ग)बुद्धिमान बनने के लिए गधे ने क्या किया?

उत्तर- खुर से कान खुजा-खुजा कर गधा बुद्धिमान बन गया।

(घ) हाथी क्या कर रहा था ?

उत्तर- हाथी डाली पर रंग रहा था।

(ड़)लाल बुझक्कड़ ने नोट कैसे कमाए?

उत्तर- लाल बुझक्कड़ ने गप्पे सुना सुना कर नोट कमाए।

आइए विचार करें।

सही कथन के सामने ठीक का निशान लगाइए।

(क)नीता का समय बर्बाद होगा।

- सही

(ख)उसकी शक्ति बर्बाद होगी।

- सही

(ग)उसके पैसे बर्बाद होंगे।

- गलत

(घ)लोग उससे बातूनी समझेंगे।

- सही

(ड़)उसकी बात सुनकर सब हैरान होंगे।

- सही

(च)उसकी पढ़ाई का नुकसान होगा ।

- सही

काव्यांश पर आधारित प्रश्न

नीचे दिए गए काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए

(क)यह किसकी दुकान थी।

- यह गप्पू की दुकान थी।

(ख) उनकी शब्द का प्रयोग किन के लिए हुआ है

- उनकी शब्द का प्रयोग लाल बुझक्कड़ के लिए हुआ है।

(ग)दुकान चलने का क्या अर्थ है

- दुकान चलने का अर्थ है कि उनकी गप सुनने वाले लोगों की हमेशा भीड़ रहती है।

(घ)समान और सामान शब्द के अर्थ लिखिए

- समान - बराबर
- सामान- वस्तुएं चीजें

1. नीचे दिए गए शब्दों के वचन बदलिए

- गप्प-गप्पें
- चूहा - चूहे
- बिल्ली - बिल्लियाँ
- दुकान - दुकानें
- गली - गलियाँ
- चींटी - चीटियां
- बात - बातें
- मछली - मछलियाँ

2.नीचे दिए गए शब्दों को अपने वाक्य में प्रयोग कीजिए।

- हैरान - विदेशी व्यक्ति ताज महल देख कर हैरान हो जाते है
- खबर - रुचि को यह खबर कर दो कि कल विद्यालय बंद रहेगा।

3.वाक्य पूरे कीजिए

(क)लाल बुझक्कड़ ने गप्पों की एक नई दुकान खोली।

(ख)गप्पू की दुकान की खबर घर और गलियों में फैल गई।

(ग)काली मोटी बिल्ली चूहों से डरकर दिल्ली भाग गई।

(घ)लाल बुझक्कड़ गप्पों से नोट कमाते हैं।